# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1092/परीक्षा/पूरक/आवेदन–ऑनलाइन/2025 रायपुर,दिनांक 23/05/2025

## // अधिसूचना //

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के बी.ए. /बी.ए.क्लासिक्स/बी.कॉम/बी.एस–सी./बी.एस–सी.(होम–साइंस)/बी.सी.ए.भाग– दो, तीन एवं बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.ई.) भाग– एक, दो, तीन एवं चार/ शास्त्री भाग– एक, दो, तीन के (नियमित/ अमहाविद्यालयीन) परीक्षार्थीयों जो पूरक की अर्हता प्राप्त है उनकी **पूरक परीक्षा 2025** में सम्मिलित होने के लिए पात्र पूरक परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाइन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

**पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :–**

| क्र. | आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन से संपूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन करने की तिथि | 26/ 05/2025 से 11/06/2025 तक |
| 2 | निर्धारित शुल्क एवं रू. 100/–विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि | 12/06/2025 से 17/ 06/2025 तक |

**1.परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–** पूरक परीक्षा 2025 हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.prsuuniv.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. परीक्षा फार्म भरने के लिए अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** होगी।
2. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये " Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" बनायें।
3. Login करने के उपरांत Semester Exam. Form विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करें।
4. Fee Payment के बाद भरे हुए Exam. Form की हार्डकॉपी प्रिंट करके परीक्षार्थी अपने पास रखें।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाइन फार्म भरने के समय आती है,तो वेबसाईट में उल्लेखित हेल्पलाइन नंबर से अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान करें।
6. परीक्षार्थियों के ऑनलाइन फार्म भरने के समय पिता/पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें **विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में वि.वि. प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें।**

**Con..02**

**2. पूरक परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र :–** परीक्षार्थी वि.वि. के वेबसाईट **www.prsuuniv.in** में जाकर फार्म भरने के समय दिए गए यूजर आई–डी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है, जिसे संबंधित केन्द्राध्यक्ष से अभिप्रमाणित कराकर यथा समय परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

**3. पात्रता :–**

स्नातक स्तर के ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें सत्र 2025 की वार्षिक परीक्षा में पूरक की अर्हता प्राप्त हैं, वही परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे तथा उन्हीं विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2025 की अंकसूची में दर्ज है, वे पूरक परीक्षा 2025 में पूरक परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगे।

**4. पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना/नकल प्रकरण/रोके गये प्रकरण :–**

वे परीक्षार्थी जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है तथा जिनके नकल प्रकरण एवं अन्य किसी कारणों से परिणाम रोके गये हैं, ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् यदि उन्हे अनुत्तीर्ण से पूरक की पात्रता प्राप्त होती है, तो संबंधित परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने अथवा अंकसूची प्राप्त होने की तिथि से **सात दिनों के भीतर** जो भी पहले हो बिना विलंब शुल्क के परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विशेष परिस्थिति में ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षा परिणाम निर्धारित तिथि के पश्चात विलंब से जारी होते हैं उन्हें परीक्षा प्रारंभ होने के **एक दिन पूर्व तक** बिना विलंब शुल्क के पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के अनुमति पश्चात जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**5. परीक्षा शुल्क :–**

परीक्षा शुल्क की तालिका वेबसाईट पर उपलब्ध है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क की राशि–(एवं कोई अतिरिक्त शुल्क हो तो देय होगा) – ए.टी.एम.कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से जमा करेगे।

5.1 परीक्षार्थी को यदि पूरक परीक्षा की पात्रता नही है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाइन से भर दिया हो, तो उसका आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नही होगी, अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

**6. पूरक परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र हेतु निर्देशः–**

**अ.**–संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा परीक्षार्थी के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन को जांच कर विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करेंगे।

**ब.**–अग्रेषण शुल्क की राशि नियमानुसार महाविद्यालय/केन्द्राध्यक्ष को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी।

Con..03

स.– परीक्षा शुल्क विवरण (पूरक परीक्षा 2025)

| क्र. | कक्षा / परीक्षा का नाम | परीक्षा शुल्क + अग्रेषण शुल्क (रू.) | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|
| स्नातक परीक्षाएं | | | |
| 01 | बी.ए. / बी.ए. क्लासिक्स / बी.कॉम. | रूपये 820 + 30 | 850/- |
| 02 | बी.एस–सी. / बी.एस–सी. (होम साइंस) | रूपये 1075 + 30 | 1105/- |
| 03 | बी.सी.ए. | रूपये 1075 + 30 | 1105/- |
| 04 | बी.पी.ई. (बेचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) | रूपये 1120 + 30 | 1150/- |
| 05 | शास्त्री | रूपये 785 + 30 | 815/- |

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क्र. 1093 / परीक्षा / पूरक / आवेदन–ऑनलाइन / 2025 रायपुर,दिनांक 23/05/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर, (छ.ग.),
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर,492002 (छ0ग0),
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, 492002 (छ0ग0),
4. समस्त संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो को इस सूचना के साथ कि वे उपरोक्त अधिसूचना से अपने महाविद्यालय के स्नातक स्तर की कक्षाओं में पूरक की अर्हता प्राप्त परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें तथा अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा करावें,
5. स.कु.स., गोपनीय, को इस निवेदन के साथ कि रूके हुए परिणामों एवं स्नातक स्तर के परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना के परिणाम तथा अन्य रोके गये नतीजे यथा शीघ्र घोषित करें, ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार पूरक परीक्षा 2025 आयोजित हो सके,
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
7. उ.कु.स.,विकास / उ.कु.स.,अकादमिक / उ.कु.स.,प्रशासन, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
8. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
9. प्रभारी, वि.वि.मुद्राणालय / प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी / वित्त नियंत्रक / संबंधित परीक्षा कार्य सहायकों को,
10. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,सहकारी संघ मर्यादित 320AD, इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड,रांची– झारखंड, पिन नं– 834008 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित,
11. प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर / रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि.वि. के **खाता कमांक 10049590022** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / ए.टी.एम.कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।

12. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे।
13. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को सूचनार्थ।
14. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार–पत्र, रायपुर को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

/pry/d:/feedate Suppl-25/ /p-1-4